प्रोजेक्टर के माध्यम से दी जानकारी

# केंद्रीय अफसर पहुंचे नेपा, मिल के रिनोवेशन को देखा



अफसरों ने किया मिल का दौरा।

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**नेपानगर.** नेपा लिमिटेड में चल रहे रिनोवेशन कार्य का केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के अधिकारियों ने निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कारखाना परिसर की जांच कर कार्य की स्थिति देखी। अधिकारियों ने प्रोजेक्ट प्रजेंटेशन के माध्यम से कार्य बताया। पीआरओ रवींद्र शिवहरे ने बताया कि कंपनी का अधिकांश रिनोवेशन कार्य पूरा हो चुका है। मशीनों का सुधार कार्य चल रहा है। कुछ हिस्से में काम शेष हैं, जिसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

अधिकारी दल से मिलने इंटक के अध्यक्ष कुलदीप श्रीवास्तव एवं प्रधान सचिव मिलिंद किरंगे भी पहुंचे। उन्होंने कर्मचारी हित के बारे में ज्ञापन सौंप कर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के प्रयास किए। अधिकारियों ने बात सुनने के बाद समस्या को वरिष्ठ कार्यालय तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस दौरान सीएमडी सोरभ देब सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## ऐसा होना है काम

कुल 1200 करोड़ रुपए में मिल का जीर्णोद्धार होना है, लेकिन इसमें अलग-अलग काम के लिए राशि तय है। अगस्त 2016 से मिल के जीर्णोद्धार के लिए इसे बंद किया गया था। कुछ समय तक काम चलने के बाद फिर बीच में काम बंद हो गया। कोरोना काल में भी काम प्रभावित हुआ।